प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.08.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

प्रोत्साहन परिषद

प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि परिषद 50 करोड़ रुपये और इससे अधिक की निवेश पर्यटन परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस परिषद् को पर्यटन विभाग के अंतर्गत एक निवेश प्रोत्साहन प्रकोष्ठ द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि पर्यटन प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन के लिए राज्य–स्तरीय शीर्ष निकाय समयबद्ध तरीके से मासिक बैठकें आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल पारदर्शिता, दक्षता और व्यापार में सुगमता की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है जिससे हिमाचल प्रदेश को एक विश्व स्तरीय पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने में गति मिलेगी।

इंदु गोस्वामी

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में चार स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस समय देश के 22 राज्यों में एक हजार 94 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। रामनाथ ठाकुर ने बताया कि केंद्र द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक एक हजार दो सौ 61 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि अग्रणी फर्टीलाईजर कंपनीयों ने वर्ष 2023–24 के दौरान स्वयं सहायता समूहों की ड्रोन दीदियों को कृषि क्षेत्र में उपयोग के लिए एक हजार 94 ड्रोन वितरित किए हैं।

बलवीर वर्मा

प्रदेश भाजपा ने सिरमौर ज़िले की रामपुर भारापुर पंचायत में मोटर साईकिल से रेत बजरी ढोने के मामले को उजागर करते हुए प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और विधायक बलवीर वर्मा ने इस मामले को उजागर करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रुक–रुक कर जारी है और कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश से भूस्खलन व जल भराव की स्थिति बनी है। प्रदेश के कई स्थानों पर नदी–नाले उफान पर हैं और लोगों से सतर्क रहने व प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। किन्नौर जिला के रिब्बा गांव में बाढ़ आने से साथ लगते सेब के बागीचे व भूमि बह गई है और राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच भी अवरूद्ध है। इसके अलावा तांगलिंग नाले में बाढ़ आने से सतलुज नदी भी उफान पर है। मौसम विभाग ने आज ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि हमीरपुर, मंडी और सिरमौर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

भोग योजना

शिमला ज़िला के 5 मंदिरों तारादेवी, संकटमोचन, जाखू, हाटकोटी और भीमाकाली मंदिरों में भोग योजना शुरू की जाएगी। आज शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक में ये निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी मंदिर अधिकारियों को इस योजना के तहत सभी औपचारिकताएं एक सप्ताह के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हर मंदिर न्यास को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के माध्यम से लाईसेंस जारी किया जाएगा। मंदिरों में भंडारा बनाने वाले लोगों के लिए मैडिकल सर्टिफिकेट बनाना अनिवार्य होगा।

———————————